राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – सितम्बर 2022

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,19,438 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 24,213 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 23 सितंबर 2023 को NSGM योजना को 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024 की अवधि तक बढ़ाने के संदर्भ में विद्युत मंत्रालय द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया ।
2. 20 सितंबर 2022 को 'स्मार्ट ग्रिड फ्रेमवर्क' हेतु विद्युत मंत्रालय ने अध्यक्ष के.वि.प्रा की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया व निदेशक , एनपीएमयू को उसका संयोजक नियुक्त किया । 30 सितंबर 2022 को विशेषज्ञ समूह की पहली बैठक के.वि.प्रा., नई दिल्ली में आयोजित हुई।
3. 27 सितंबर 2022 को विद्युत मंत्रालय द्वारा 'पारेषण सेक्टर के आधुनिकीकरण एवं स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार करने हेतु' गठित टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर चर्चा हेतु सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आभासी बैठक आयोजित की गयी निदेशक , एनपीएमयू ने भी भाग लिया।
4. 30 सितंबर 2022 को NPMU ने अपर सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग), विद्युत मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित 'भारत-अमेरिका सामरिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी' के तहत "विद्युत एवं ऊर्जा दक्षता" स्तंभ के लिए प्रारंभिक बैठक में संक्षिप्त अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की।
5. 20 सितंबर 2022 को निदेशक NPMU (प्रभारी) ने 'पावर में IT और OT' सम्मेलन के दौरान "स्मार्ट ग्रिड और राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन पर फोकस" पर एक प्रस्तुति दी।
6. 14 सितंबर 2022 को NPMU ने TEC द्वारा आयोजित 'स्मार्ट ग्रिड में IoT और 5जी अनुप्रयोगों' पर कार्यकारी समूह की आभासी बैठक के दौरान स्मार्ट ग्रिड व बिजली क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य को साझा किया।
7. 9 सितंबर 2022 को NPMU ने 'ISGAN नॉलेज शेयरिंग प्रोजेक्ट' "नेटवर्क प्लानिंग एंड डिसीजन-मेकिंग अंडर अनसेफ्टी" के लिए भरे हुए सर्वेक्षण ढांचे ('सर्वे टेम्प्लेट') को साझा किया ।
8. 6 सितंबर 2022 और 7 सितंबर 2022 को NPMU ने TSDSI द्वारा आयोजित 23वीं TSDSI-SGSS तकनीकी सत्र के दौरान सक्रिय रूप से भाग लिया और स्मार्ट मीटर कार्यान्वयन प्रगति में संचार और 'इंटरोऑपरेबिलिटी' चुनौतियों को साझा किया।
9. सितंबर 2022 तक, विभिन्न स्थानों में 50 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर तैनात किए गए और लगभग 57 लाख स्मार्ट मीटर तैनात किए जा रहे हैं (आरईसी, ईईएसएल और राज्य डिस्कॉम आदि से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार)।

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
dir.npmu.nsgm@gov.in